वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ0प्र0)

वेब साईट :www.vbspu.ac.in aracademicvbspu@gmail.com

पत्रांक : 3720 / शैक्षणिक / 2021 दिनांक– 22.11.2021

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल, विश्वविद्यालय
जौनपुर।

विषय– राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अनुरूप तैयार अनिवार्य को–करिकुलर (सह–विषयक / कोर्स) प्रथम सेमेस्टर– खाद्य, पोषण एवं स्वच्छता एवं द्वितीय सेमेस्टर विषय–प्राथमिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के पठन–पाठन एवं परीक्षा के संबंध में।

महोदय / महोदया

कृपया उपर्युक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि शासनादेश दिनांक–13 जुलाई 2021 (जिसे विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किया जा चुका है) के अनुसार स्नातक स्तर के प्रत्येक विद्यार्थी को 3 वर्ष (6 सेमेस्टर) के प्रत्येक सेमेस्टर में निर्धारित एक सह–विषय / कोर्स करना अनिवार्य होगा। सभी छः सह–विषय / कोर्स को 40 प्रतिशत अंको के साथ विद्यार्थी को उत्तीर्ण करना होगा। विद्यार्थी को ग्रेड सीट पर इनके प्राप्तांको पर आधारित ग्रेड तो अंकित होगे परंतु उन्हें सी.जी.पी.ए की गणना में सम्मलित नहीं किया जायेगा। सूच्य है कि सह–विषय पाठ्यक्रम की 75 प्रतिशत अंक की परीक्षा बहु विकल्पीय (MCQ) पर होगी एवं 25 प्रतिशत अंक आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर निर्धारित किया गया है। प्रथम वर्ष प्रथम सेमेस्टर– खाद्य, पोषण एवं स्वच्छता एवं द्वितीय सेमेस्टर विषय–प्राथमिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य का पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध है। पाठ्यक्रम मे दिये गये निर्देशानुसार पठन–पाठन सुनिश्चित कराते हुए उपरोक्तानुसार कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय

सहायक कुलसचिव
(शैक्षणिक)

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. विशेष कार्याधिकारी कुलपति, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. आशुलिपिक परीक्षा नियंत्रक, परीक्षा नियंत्रक कार्यालय।
3. आशुलिपिक वित्त अधिकारी, वित्त विभाग।
4. प्रो0 मानस पाण्डेय, संयोजक, आइ0क्यू0ए0सी0।
5. वेब मास्टर को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
6. अधीक्षक परीक्षा।
7. अधीक्षक गोपनीय।
8. अधीक्षक अतिगोपनीय।

20/11/21

सहायक कुलसचिव
(शैक्षणिक)